कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी-जोन कमिश्नरेट, वाराणसी

प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक- 10/07/2024

विषयः-थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या की घटना से संबंधित 02 नफरअभियुक्तगण गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज जोन काशी कमि0 वाराणसी के कुशल निर्देशन में थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 134/2024 धारा 105/133 बीएनएस से संबंधित अभियुक्तगण 1. मो0 आमीन पुत्र मो0 हासिम नि0 मकदूम नगर बजरडीहा बाबू अजीम का किराये का मकान थाना भेलुपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 19 वर्ष व 2. मो0 अनस पुत्र मो0 नियाज अहमद उम्र 18 वर्ष नि0 मकदूम नगर बजरडीहा नसीम का किराये का मकान थाना भेलुपुर कमिश्नरेट वाराणसी को आबकारी कार्यालय चौकाघाट के समीप आज दिनांक 10.07.2024 को गिरफ्तार किया गया। अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है।

घटना का विवरणः- वादी मुकदमा अबुल हसन पुत्र स्व0 शमसुल हक निवासी म0नं0 जे 16/14 मुहल्ला नवापुरा थाना जैतपुरा वाराणसी जिनके भाई अन्सार अहमद के पुत्र मो0 तासीन का विवाद बजरडीहा निवासिनी अभियुक्ता के साथ पूर्व से चल रहा था, उक्त रंजिश को लेकर दि0 07/07/2024 को रात्रि लगभग 09:00 बजे मो0 अमीन पुत्र मो0 हाशिम निवासी मुहल्ला मखदुमपुर बजरडीहाँ (बाबू अजीम के घर में किरायेदार) थाना भेलुपुर कमि0 वाराणसी, मुहम्मद अनस पुत्र नेयाज अहमद निवासी मखदूम नगर बजरडीहा (नसीम के घर में किरायेदार) थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी मय 02 अभियुक्ता द्वारा वादी मुकदमा के घर चढ आए तथा वादी मुकदमा के पुत्र तौसीफ जमाल उम्र लगभग 30 वर्ष को घसीट कर नीचे ले आए तथा उसके सीने पर मुक्का से मार दिये जिससे वादी मुकदमा का पुत्र तौसीफ जमाल उपरोक्त वहीं पर गिर गया तथा बेहोश हो गया। उक्त के उपरान्त उपरोक्त चारों अभियुक्तगण मौके से फरार हो गये। वादी मुकदमा के पुत्र तौसीफ जमाल उपरोक्त को उठाकर शिवप्रसाद गुप्ता अस्पातल कबीरचौरा ले जाया गया जहाँ पर डाक्टर द्वारा वादी मुकदमा के पुत्र तौसीफ जमाल उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया गया। जिसके उपरान्त दि0 09/07/2024 को वादी मुकदमा द्वारा थाना जैतपुरा पर प्रार्थना पत्र देकर मो0 आमीन पुत्र मो0 हासिम नि0 मकदूम नगर बजरडीहा बाबू अजीम का किराये का मकान थाना भेलुपुर कमि0

वाराणसी व मो0 अनस पुत्र मो0 नियाज अहमद नि0 मकदूम नगर बजरडीहा नसीम का किराये का मकान थाना भेलुपुर कमिश्नरेट वाराणसी व दो अन्य अभियुक्ता के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

विवरण पूछताछः- पकड़े हुए व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर उन्होने अपना नाम क्रमशः 1. मो0 आमीन पुत्र मो0 हासिम नि0 मकदूम नगर बजरडीहा बाबू अजीम का किराये का मकान थाना भेलुपुर कमि0 वाराणसी उम्र 19 वर्ष व 2. मो0 अनस पुत्र मो0 नियाज अहमद नि0 मकदूम नगर बजरडीहा नसीम का किराये का मकान थाना भेलुपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 18 वर्ष बताया। अभियुक्तगण पूछताछ पर बताये कि दिनांक 07/07/2024 को रात्री करीब 9.00 बजे उपरोक्त दोनो अभियुक्तगण व दो अन्य अभियुक्ता के साथ तासीन पुत्र अंसार अहमद निवासी नवापुरा जैतपुरा के घर पर गये थे। बातचीत के दौरान दोनो पक्षों में विवाद बढ गया और उक्त घटना हो गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- मो0 आमीन पुत्र मो0 हासिम नि0 मकदूम नगर बजरडीहा बाबू अजीम का किराये का मकान थाना भेलुपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 19 वर्ष

2- मो0 अनस पुत्र मो0 नियाज अहमद उम्र 18 वर्ष नि0 मकदूम नगर बजरडीहा नसीम का किराये का मकान थाना भेलुपुर कमिश्नरेट वाराणसी

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- आबकारी कार्यालय चौकाघाट के समीप, दिनांक- 10.07.2024

आपराधिक इतिहास- मु0अ0सं0 134/2024 धारा 105/133 बीएनएस थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

श्री बृजेश कुमार मिश्र थानाध्यक्ष जैतपुरा कमि0 वाराणसी
उ0नि0 जफर मेंहदी थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
उ0नि0 श्यामलाल सरोज थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
हे0का0 दिलशाद खाँ थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
का0 उत्तम सिंह थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
का0 राहुल प्रजापति थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
काशी-जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।